आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 07.09.2020

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, में दिनांक 01 सितंबर 2020 से 14 सितंबर 2020 तक राजभाषा पखवाड़ा–2020 का आयोजन किया जा रहा है।

राजभाषा पखवाड़ा के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के क्रम में दिनांक 07.09.2020 को आरेडिका में स्थित आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी पुस्तकालय, प्रशासनिक भवन में प्रश्नोत्तरी (क्विज) प्रतियोगिता 03 ग्रुपों में – मुंशी प्रेमचन्द्र ग्रुप, आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ग्रुप व रामचन्द्र शुक्ल ग्रुप में आयोजित की गयी। प्रश्नोत्तरी **प्रतियोगिता में प्रथम स्थान–मुंशी प्रेमचन्द्र ग्रुप, द्वितीय स्थान–रामचन्द्र शुक्ल ग्रुप व तृतीय स्थान–आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ग्रुप ने प्राप्त किया।**

इस प्रतियोगिता में लगभग 40 से 45 कर्मचारी सम्मिलित हुए तथा प्रतियोगिता के दौरान कोविड–19 के सभी मानदंडों जैसे कि मास्क की अनिवार्यता, सोशल डिस्टेंसिग एवं सेनिटाइजेशन आदि का पूर्णतया अनुपालन किया गया।

इस प्रतियोगिता का आयोजन आरेडिका के मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री एम. के. अग्रवाल एवं राजभाषा अधिकारी श्री नीरज श्रीवास्तव कि देख–रेख में संपन्न हुआ।

07/09/2020

(वी.के. दूबे)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी

MCF/RBL